तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 समय-सीमा बैठक में कलेक्टर सख्त, योजनाओं ...



11 कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

# गुवारा स्कूल हादसे में प्रशासन सख्त, जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला गुवारा में कक्षा की छत का प्लास्टर गिरने से दो छात्रों के घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश पर मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही शिक्षा विभाग और निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। घटना में घायल छात्रों प्रवेश और पारस का उपचार कराया जा रहा है। संबंधित विद्यालय भवन की मरम्मत वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत कराई गई थी। अब मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और निर्माण एजेंसी की भूमिका की जांच के लिए चार सदस्यीय संयुक्त जांच समिति गठित की गई है। समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता डी.के. चंदेल, पीएमजीएसवाई के एसडीओ अमर सिंह पैंकरा, सीजीएमएससी के उप अभियंता कमल सिन्हा और मंडी बोर्ड के उप अभियंता परवेज बेग शामिल हैं। समिति को सात दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि जर्जर भवन में बच्चों को बैठाने और पूर्व निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए वे जिम्मेदार क्यों न माने जाएं। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और संबंधित संकुल समन्वयक से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## दो बच्चों के घायल होने के मामले में उच्चस्तरीय जांच शुरू


प्राथमिक स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा, दूसरी कक्षा के दो मासूम घायल

### कारण बताओं नोटिस जारी



नोटिस में जर्जर भवनों की पहचान, उन्हें बंद कराने और सुरक्षा संबंधी निर्देशों के पालन में लापरवाही का उल्लेख किया गया है। कलेक्टर कार्यालय ने जिला शिक्षा अधिकारी से तीन दिन के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन मांगा है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि संबंधित विद्यालय को जर्जर भवनों की सूची में क्यों शामिल नहीं किया गया और बच्चों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए थे। इधर, मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत हुए मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के कार्यपालन अभियंता को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निर्माण कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं करने के संबंध में उनसे 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खबर संक्षेप

### भारत पेंशनर समाज नवागढ़ तहसील इकाई के अध्यक्ष बने हरिभजन

**नवागढ़।** भारत पेंशनर समाज की तहसील इकाई नवागढ़ के अध्यक्ष पद का निर्वाचन सोमवार को जिला शाखा बेमेतरा के निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने हरिभजन सिंह क्षत्री को सर्वसम्मति से भारत पेंशनर समाज, तहसील इकाई नवागढ़ का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। उनकी घोषणा होते ही उपस्थित सदस्यों ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण, उनके हितों की रक्षा तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। वहीं हरिभजन सिंह क्षत्री ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा पेंशनरों के हितों के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया।

### बुलेट चालक का कटा पांच हजार का चालान

**भिलाई।** वाहन का मोड़िफाई करने वाले बुलेट चालक पर ट्रैफिक पुलिस ने 5 हजार रुपए का चालान किया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुद्वारा चौक के पास वाहन चेकिंग चल रहा था। इस दौरान सीजी 7 बीडी 8498 के चालक ने अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाया गया। वाहन से तेज आवाज के साथ चिंगारी भी निकल रही थी। जिससे अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों की सुरक्षा प्रभावित होने की संभावना थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालक के तहत जुर्म दर्ज कर 5,000 का चालान किया गया। मौके पर ही मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाकर वाहन को निर्धारित मानकों के अनुरूप किया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील करती है कि वे अपने वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं, निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर, अन्य उपकरणों का ही उपयोग करें।

### स्कूल से 70 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूल के एकाउंट आफिस का ताला तोड़कर रकम पार करने का मामला सामने आया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि केपीएस स्कूल पुलगांव में एकाउंट आफिस का ताला टूटा मिला। चेक करने पर आफिस से नगदी 70 हजार समेत कई दस्तावेज गायब मिले। अज्ञात चोर बाउंड्रीवाल फांदकर चोरी करना बताया गया। घटना 12-13 जुलाई की मध्य रात की है। अज्ञात चोर दो कमरों का ताला तोड़ कर आलमारी का लॉकर तक पहुंचे थे। घटना की शिकायत स्कूल के एकाउंटेन आलोककांत बख्शी ने किया है।

### अवैध शराब तस्करी और बेचने वाले 14 गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब की अवैध तस्करी और बेचने वाले 14 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि उतई, नंदिनी नगर, सुपेला, पुलगांव, जामुल, पुरानी भिलाई क्षेत्र में कुल 13 पृथक-पृथक स्थानों पर सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### मुरता सेवा सहकारी समिति में किसानों से धोखाधड़ी और शासकीय राशि के गबन का आरोप

# 5.70 करोड़ के गबन मामले में सहकारी समिति का पूर्व प्रभारी प्रबंधक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ थाना पुलिस ने मुरता सेवा सहकारी समिति में करीब 5.70 करोड़ रुपये के गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए समिति के तत्कालीन प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पर किसानों के साथ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत तथा शासकीय संपत्ति के गबन का आरोप है।

पुलिस के अनुसार ग्राम मुरता निवासी खोरबहरा साहू (66) की शिकायत पर थाना नवागढ़ में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 30 जून 2022 से 31 मार्च 2023 के दौरान सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुरता के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र पांडेय और लिपिक अमित साहू ने मिलीभगत कर किसानों के साथ छल-कपट करते हुए 5,70,14,454.40 रुपये की शासकीय राशि का गबन किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 406, 409, 467, 468, 471 और 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर मंगलवार को आरोपी राजेंद्र पांडेय (49) निवासी मुरता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं एसडीओपी भूषण एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव तथा आरक्षक ओंकार निर्मलकर, राहुल दुबे, राज आडिल और गजानंद साहू सहित नवागढ़ थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**एक आरोपी पहले गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी**

पुलिस ने मामले में पूर्व प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि सह-आरोपी लिपिक अमित साहू के संबंध में विवेचना जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यभार संभालते ही एक्शन में दिखे नए एसपी त्रिलोक बंसल

**पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने कार्यभार ग्रहण करते ही पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में सक्रियता दिखाते हुए जिला पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शाखाओं में संचालित कार्यों, अभिलेखों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों से कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

■ बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और जनसुनवाई को बताया प्राथमिकता; अधिकारियों से कहा- टीम भावना से करें काम

उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। बैठक में एसपी बंसल ने लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण, गुणवत्तापूर्ण ▶▶| शेष पेज 11 पर

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह आज डॉ. हिमांशु द्विवेदी होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट योगदान देने वाले बेमेतरा जिले के 12 शिक्षकों को बुधवार 15 जुलाई को रायपुर में आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में देशभर से चयनित 250 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अनुसार इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए देशभर से करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए थे। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के उच्चस्तरीय पैनल ने निर्धारित मानकों के आधार पर सभी आवेदनों का मूल्यांकन एवं सत्यापन किया। निष्पक्ष और गुणवत्ता आधारित चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची जारी की गई, जिसमें बेमेतरा जिले के 12 शिक्षकों ने स्थान बनाया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में शीतल बैस, अनिता दुबे, गिरजा पटेल, चंदा सिन्हा, धनेश रजक, अर्जुन वर्मा, राधेश्याम बैस, सावित्री साहू, प्रेक्षा साहू, कुमार वर्मा, प्रफुल्ल वर्मा और गायत्री जोगी शामिल हैं। समारोह का आयोजन बुधवार शाम 5 बजे विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर में होगा।

■ स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 आज रायपुर में, देशभर से चयनित 250 शिक्षकों में जिले के 12 शिक्षकों को मिला स्थान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिभूमि समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी होंगे। अध्यक्षता शिक्षाविद एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल करेंगे, जबकि डॉ. चितरंजन कर एवं डॉ. पूर्णानंद मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संस्था ने बताया कि यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि शिक्षा में नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व, डिजिटल शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के प्रति राष्ट्रीय सम्मान है। यह समारोह स्वर्गीय हरिवंश मिश्र, पूर्व प्रधानपाठक, की पुण्य स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा के लिए समर्पित किया।

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन देशभर के शिक्षकों को नवाचारों और प्रेरणादायी अनुभवों के आदान-प्रदान का साझा मंच उपलब्ध कराएगा। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से समारोह में सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि जब एक शिक्षक सम्मानित होता है, तब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था, उसके विद्यार्थी और समाज का भविष्य सम्मानित होता है।

# साजा में दिनदहाड़े दो लोगों पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा नगर में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुई दो अलग-अलग हमले की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक युवक ने पहले मुर्गा दुकान संचालक पर चाकू से हमला किया और कुछ देर बाद एक चाय दुकानदार पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शराब भट्टी के सामने स्थित एक मुर्गा दुकान में युसिफ खान काम कर रहे थे। इसी दौरान सोनू निर्मलकर वहां पहुंचा और कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युसिफ खान के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पहली घटना के कुछ समय बाद आरोपी अवंती चौक स्थित एक चाय दुकान पहुंचा, जहां शेषनारायण निषाद अपनी दुकान पर बैठे थे। आरोपी ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में शेषनारायण निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर करीब आठ टांके लगाए गए हैं और चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें रेफर करने की सलाह दी है।

■ मुर्गा दुकान संचालक पर चाकू और चाय दुकानदार पर रॉड से किया हमला



घटना के बाद दोनों घायलों के परिजन एवं ग्रामीण साजा थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में आरोपी सोनू निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया।

### थाने में जुटी भीड़ एसपी पहुंचे

घटना से नाराज परिजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग साजा थाना पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। स्थिति को देखते हुए बेमेतरा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल स्वयं साजा थाना पहुंचे। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और लोगों को शांत कराया गया।

### पहले भी दर्ज हैं आपराधिक मामले

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी सोनू निर्मलकर के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ था और साजा थाना परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।


### दीपक गुहा के नेतृत्व को मिली बड़ी उपलब्धि

# इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ मानस दर्शन जीवन अर्पण का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय संस्कृति, सनातन सभ्यता एवं श्रीराम चरितमानस के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित संस्था मानस दर्शन जीवन अर्पण, छत्तीसगढ़ ने इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर प्रदेशभर के मानस प्रेमियों एवं सांस्कृतिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया है। माँ भद्रकाली मानस संघ के जिला अध्यक्ष एवं मानस दर्शन के संयोजक डी.एल. सिन्हा ने कहा कि संस्था के प्रमुख दीपक गुहा ने कोरोना काल से शुरू हुए ऑनलाइन अभियान के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सनातन सभ्यता, श्रीरामचरितमानस, आध्यात्मिक चेतना तथा सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके नेतृत्व में हजारों ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर देश-विदेश के लाखों लोगों तक भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संदेश पहुंचाया गया। सिन्हा ने कहा कि इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज यह उपलब्धि दीपक गुहा के दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन क्षमता, समर्पण और वर्षों की सतत साधना का परिणाम है। उन्होंने इसे केवल संस्था ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और सनातन संस्कृति के लिए गौरव का विषय बताया। इस अवसर पर डी.एल. सिन्हा ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना एवं सांस्कृतिक जनजागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दीपक गुहा को राज्य अलंकरण के तहत प्रतिष्ठित 'दाऊ मंदराजी सम्मान' से सम्मानित किया जाए। साथ ही, उन्होंने भारत सरकार को 'पद्मश्री' सम्मान के लिए उनके नाम की अनुशंसा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वाले ऐसे समर्पित व्यक्तित्व का सम्मान कर राज्य सरकार प्रदेश का गौरव बढ़ाएगी।

■ डी.एल. सिन्हा ने 'दाऊ मंदराजी सम्मान' और पद्मश्री के लिए की अनुशंसा की मांग




अग्रसेन
प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका ने जन्मदिवस पर कराया न्योता भोज



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला चिमरा मे नए शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ 15 नव-प्रवेशी छात्राओं व आंगनबाड़ी के बच्चों सहित शाला प्रबंध समिति, आमंत्रित पालकों तथा प्रधान पाठक सहित विद्यालय परिवार ने छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे ने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में मिठाई, पोष्टिक भोजन, फल, खीर परोस कर अपना जन्मदिन स्कूल परिवार के बीच मनाया। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति खरे ने किया।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पंडरिया।** विकासखंड पंडरिया के संकुल बिरकोना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में एक शिक्षक के जन्मदिवस को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 12 पौधरोपण किया गया तथा विद्यार्थियों को केले वितरित कर खुशियां साझा की गईं। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर द्वारा पिछले कई वर्षों से जन्मदिवस पर पौधरोपण की परंपरा निभाई जा रही है। इस वर्ष भी आम, करंज, गुलमोहर, पपीता, कपास सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, प्रकृति प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के इको क्लब के सदस्य अमित, आलिया, कामाक्षी, हिमांशु, अमृता, दिव्यांका, त्रिशा, युग, मंजीत, मिथलेश, संगीता, कृष्णा, काजल एवं सिद्धी सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विशेष अवसरों को पौधरोपण से जोड़ने का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### गांव की सुख-शांति के लिए मनाया गया गांव तिहार



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, मोहतरा कला, कंझेटा, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आषाढ़ माह के अवसर पर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुसार गांव तिहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के गौठान में गौ माता की रक्षा तथा गांव की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। ग्रामीणों ने गांव के देवी-देवताओं का पूजन कर पूरे गांव की मंगलकामना की। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है और आज भी उसका पूरी श्रद्धा से पालन किया जाता है। गांव तिहार के दिन गांव में किसी प्रकार का कृषि या अन्य कार्य नहीं किया जाता, बल्कि पूरे दिन इसे त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार बैगा द्वारा बाहर से लाई गई जड़ी-बूटियों और पारंपरिक औषधियों का उपयोग कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाता है। ग्रामीणों का विश्वास है कि इससे गौधन की रक्षा होती है तथा गांव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### पंडरिया बीईओ ने लिया संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक



**कोलेगांव।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर के द्वारा संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल कोलेगांव में किया गया, जिसमें 3 संकुल भगतपुर, कोलेगांव और सेमरकोना के प्राचार्य, संकुल समन्वयक और प्रधान पाठक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और वंदन गायन से शुरू हुआ। समीक्षा बैठक में बीईओ दीपक ठाकुर ने शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिए निर्देश से शिक्षकों को अवगत करवाया, जिसमें प्राथमिक के विद्यार्थियों को धाराप्रवाह हिंदी पढ़ना और 20 तक का पहाड़ा याद हो, पूर्व माध्यमिक के विद्यार्थियों के लिए धाराप्रवाह अंग्रेजी पढ़ना और 25 तक पहाड़ा कंठस्थ हो। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित किया कि निरंतर लिखित अभ्यास करवाए, जिसमें इमला लिखवाकर कर बच्चों को लेखन त्रुटि से अवगत करवाए जाए, सतत मूल्यांकन, शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थित हो साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ना। प्रार्थना में राष्ट्रगीत, राष्ट्र गान, दीप मंत्र, गुरु मंत्र को स्पीकर के माध्यम से करवाने का निर्देश दिए। कार्यक्रम के उपरांत उन्होने हाई स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया, उक्त कार्यक्रम में सेमरकोना संकुल से प्राचार्य संजय वैष्णव, सीएसी राजेंद्र खांडे, रामकुमार साहू, रामफल चंद्राकर, रामकुमार कौशिक, गणेश चंद्रवंशी और संकुल से समस्त प्रधान पाठक उपस्थित थें।

### आजीविका के अन्य कार्यों को देखकर की सराहना

# विकसित भारत योजना के कार्य देखने कवर्धा पहुंची केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव (वित्त) पीके शर्मा तथा अवर सचिव राहुल कुमार श्रीवास्तव ने विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को देखने दो दिवसीय प्रवास पर कबीरधाम जिले में पहुंच कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यों की प्रगति एवं अन्य आवश्यक तैयारियों से केन्द्रीय टीम को अवगत कराया।

केंद्रीय टीम द्वारा योजना से जुड़े सभी मैदानी कर्मचारियों की बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन पर वृस्तित चर्चा की गई। गांव की आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्यों की पहचान में ग्रामीणों की भूमिका, कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया, युक्त धारा पोर्टल में कार्यों की एंट्री, काम की मांग, एनएमएमएस द्वारा ऑनलाइन हाजिरी, समय सीमा में मजदूरी भुगतान की जानकारी, 125 दिनो के रोजगार हेतु ग्रामीणों की मांग पर नए कार्यों की स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर जानकारी ली गई।

इस पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ग्राम पंचायतो के लिए पर्याप्त कार्य की स्वीकृति करते हुए रोजगार की मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं। साथ ही बताया गया कि योजना अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार देने के मामले में पूर्व की भांति कबीरधाम जिला प्रदेश में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जिस पर केंद्रीय टीम द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की।

#### विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी



प्रवास के दौरान केंद्रीय टीम के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत रेंगाखारखुर्द में पहुंच कर आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता, मजदूरी भुगतान, मानव दिवस एवं कार्य से ग्रामीणों को हो रहे लाभ की जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत चिखली के तालाब में चल रहे मछली पालन की आजीविका गतिविधियों का अवलोकन कर हितग्राही से हो रहे लाभ की जानकारी ली। ग्राम पंचायत पोड़ी में सामुदायिक बोरवेल रिचार्ज पिट के कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली गई। ग्राम पोंड़ी निवासी हितग्राही रामभजन पिता लतेल के लिए बनाए गए निजी आजीविका डबरी का निरीक्षण किया गया। डबरी की उपयोगिता पर हितग्राही से जानकारी ली गई। हितग्राही द्वारा बताया गया कि डबरी निर्माण से सिंचाई सुविधा का विस्तार हुआ है तथा मत्स्य पालन से आजीविका का नया साधन मिला है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत राजानवागांव में विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों के संबंध में मजदूरों, समहू की दीदियों से चर्चा कर अधिकारियों ने योजना के उद्देश्य, ग्राम विकास में भूमिका, ग्रामीणों के आजीविका संवर्धन, रोजगार के अवसर, सामुदायिक सहभागिता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल संवर्धन, कृषि एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी।



# स्कूली छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

- 142 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पंडरिया ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महली में एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला महिला सशक्तिकरण हब के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को विषम परिस्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक एवं प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन किया।

छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में सतर्क रहने, स्वयं की सुरक्षा करने, सही शारीरिक मुद्रा अपनाने तथा त्वरित बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। इस दौरान कुल 142 प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया और आत्मरक्षा की तकनीकों को सीखा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अतिथियों और छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने और महिला सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहने की शपथ ली।

# वनांचल की शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर बीईओ का जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने सोमवार को वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता की समीक्षा के लिए दो चरणों में बैठक ली। प्रथम पाली में संकुल केंद्र देवसरा एवं खैरझिटी पुराना की संयुक्त समीक्षा बैठक देवसरा में तथा द्वितीय पाली में संकुल केंद्र पोलमी, भाकूर एवं सेंदूरखार की संयुक्त बैठक पोलमी में संपन्न हुई।

बैठक में श्री ठाकुर ने शिक्षा गुणवत्ता, नियमित पठन-पाठन, इमला, लेखन अभ्यास, पहाड़ा, समय-सारिणी, स्वच्छता एवं शासन की शैक्षणिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। संकुल समन्वयक अशोक कुमार पाण्डेय, धर्मेंद्र जायसवाल एवं नारायण कुंभकार ने उनका स्वागत किया। बैठक में प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, ईश्वर परस्ते, संतराम सोनवानी, रोशन कौशिल, श्रीमती चंद्रिका पुसाम सहित तीनों संकुलों के सभी प्रधान पाठक उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार सोनी ने किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि दीपक ठाकुर का इस वनांचल क्षेत्र से पुराना जुड़ाव रहा है। यहां शिक्षक के रूप में सेवाएं देने के कारण वे क्षेत्र की परिस्थितियों एवं शैक्षणिक चुनौतियों से भली-भांति परिचित हैं, जिसका लाभ निश्चित रूप से वनांचल के विद्यालयों और विद्यार्थियों को मिलेगा। बैठक के उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने हाई स्कूल परिसर, पोलमी में गूलर का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### 24 विद्यार्थियों को नई साइकिल वितरित की



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 24 छात्राओं को निःशुल्क सायकिल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार भट्ट, विशेष अतिथि पंचराम कोसले, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हाई स्कूल बरबसपुर एवं पालकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामकुमार भट्ट ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सायकिल मिलने की बधाई देते हुए बताया कि सायकिल वितरण छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान शुरू हुआ था, जो आज भी बीपीएएल परिवार के विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने बच्चों से अच्छे पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही मोबाइल के प्रभाव व दुष्प्रभाव के संबंध में चर्चा की। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंचराम कोसले ने नव प्रवेशित बच्चों को एवं बालिकाओं को बधाई देते हुए छग सरकार का आभार व्यक्त किया। संस्था के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त। इस दौरान भारत पटेल, ध्रुव पटेल, महेश पटेल, अर्जुन पटेल, बल्लू सोनवानी, तुलसी पटेल, राकेश पटेल, महेंद्र मिरज, लालचंद उपस्थित थें। वहीं संस्था के व्याख्याता सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्तव एवं शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव, कुंडा, दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। आषाढ़ का महीना बीत रहा है, लेकिन अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने समय पर खेतों की जुताई कर खाद और बीज डालकर धान की बुवाई पूरी कर ली है। इसके लिए किसानों ने महंगे दामों पर खाद और बीज खरीदे हैं तथा खेती में अच्छी-खासी लागत लगाई है। लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से खेतों में नमी कम होती जा रही है।

किसानों को आशंका है कि यदि जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो अंकुरित फसल सूख सकती है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं धान की रोपाई का कार्य भी प्रभावित हुआ है। जिन किसानों ने नर्सरी तैयार कर ली है, वे पर्याप्त पानी के अभाव में रोपा नहीं लगा पा रहे हैं। कई स्थानों पर रोपाई का काम पूरी तरह रुका हुआ है, जबकि कुछ किसान सीमित पानी के सहारे धीरे-धीरे रोपाई कर रहे हैं। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो रोपाई का समय भी प्रभावित हो सकता है।



किसानों की परेशानी केवल बारिश की कमी तक सीमित नहीं है। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल या बोरवेल की सुविधा है, वे भी पर्याप्त सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि लंबे समय तक बिजली उपलब्ध नहीं रहती। इससे खेतों तक समय पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है और फसलों को बचाना चुनौती बनता जा रहा है।

लगातार कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण जुताई किए गए खेत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। खेतों की मिट्टी में दरारें पड़ने लगी हैं और किसान दिन-रात अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो खरीफ फसल का उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

#### नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग

किसानों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि कृषि कार्य को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उपलब्ध जल स्रोतों से सिंचाई की जा सके। साथ ही किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा होगी और उनकी मेहनत रंग लाएगी।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर आरपीएस स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**कवर्धा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के बीच जनसंख्या वृद्धि, जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देने के उद्देश्य से ❛पॉपुलेशन डे❜ थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक चित्रों के माध्यम से जनसंख्या संतुलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं बेहतर भविष्य का संदेश प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिसमें कक्षा 1 एवं 2 का परिणाम प्रथम स्थान संचिका कक्षा 1लीं, द्वितीय स्थान जसमन सिंह 1लीं, तृतीय स्थान नित्या धुर्वे, वैभवी 1लीं वहीं कक्षा 3 से 5 का परिणाम प्रथम स्थान गिरीश चौहान कक्षा 4 थीं, द्वितीय स्थान अनंत राज कक्षा 5वीं, तृतीय स्थान नव्या साहू कक्षा 4 थीं ने प्राप्त की। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मक सोच एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करती हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया गया।



## खबर संक्षेप

### जामुल के युवक का शव गुरुग्राम रेलवे ट्रैक पर मिला, परिजन रवाना

**भिलाई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियर जामुल निवासी श्रेष्ठ मलिक नामक 25 वर्षीय युवक हरियाणा के गुरुग्राम में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शव रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में मिला। बताया गया है कि गुरुग्राम पुलिस को संदेह है कि श्रेष्ठ ने पहले अपनी गर्लफ्रेंड इशाका की चाकू मारकर हत्या की, उसके बदा ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी। फिलहाल जांच के बाद मौत का असली कारण सामने आएगा। जानकारी के मुताबिक श्रेष्ठ मलिक गुरुग्राम के सेक्टर-59 स्थित ओपटम ग्लोबल सलुसन कंपनी में एआई इंजीनियर था। उसी कंपनी में यूपी सीतापुर निवासी इशाका भी काम करती थी। दोनों एक-दूसरे को जानते थे और तीन दिन पहले ही इशाका श्रेष्ठ के कमरे में रहने के लिए शिफ्ट हुई थी। श्रेष्ठ के पिता के मुताबिक बेटे ने अपने भाई को कॉल कर कहा था कि एक लड़की धमकी देकर गई है। बेटा गुरुग्राम में नौकरी करने गया था। वह किसी की हत्या नहीं कर सकता। परिवार ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। पुलिस ने इशाका के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि, उसके साथ श्रेष्ठ मलिक भी कमरे में रहता था। श्रेष्ठ मौके पर नहीं मिला।

### रामनगर के मकान में लगी आग, मची अफरा तफरी

**भिलाई।** मकान में अचानक आग लग जाने से हडकंप मच गया। घटना राम नगर सुपेला क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मकान में आग लगने से हालात ऐसे बन गए कि जान बचाने के लिए कुछ लोग छत से कूदते हुए भी नजर आए। कुछ लोग आग बुझाने के लिए उपर भी चढ़े। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बिना अपनी परवाह किए लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले तक आसपास के लोग ही आग पर काबू पाने और बचाव कार्य में जुटे रहे।

**बैठक : नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा






कांग्रेस भवन साजा में मंगलवार को पूर्व मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र चौबे की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक, पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस की प्रथम बैठक एवं सम्मेलन आयोजित कर संगठन विस्तार और आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा की मासिक बैठक से हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रविन्द्र चौबे ने कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने तथा कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस साजा की प्रथम बैठक एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर रविन्द्र चौबे ने नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश साहू सहित सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निष्ठा एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करें तथा पिछड़ा वर्ग विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएं। सम्मेलन में संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के अध्यक्ष ईश्वर वर्मा, प्रदेश प्रतिनिधि अविनाश चौबे, पूर्व अध्यक्ष संतोष वर्मा, मंडल अध्यक्ष किलुश यदु, संतोष तिवारी, बिहारी साहू, मनोज जायसवाल, राजेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौसम: सर्दी-खांसी की दस्तक, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भीषण गर्मी के बाद शुरू हुए बरसाती मौसम का असर अब लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और वायरल संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों में संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। दिन में उमस और गर्मी के बाद शाम या रात में ठंडक होने से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है, जिससे सर्दी-खांसी और जुकाम जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं।

कई मरीजों में गले में दर्द, शरीर में कमजोरी, सिरदर्द और हल्के बुखार की शिकायत भी देखी जा रही है। इस मौसम में भीगने के बाद लंबे समय तक गीले कपड़ों में रहना, ठंडे पेय पदार्थों का अधिक सेवन करना और बाहर का अस्वच्छ भोजन खाने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है।

पेज 9 का शेष

### कार्यभार संभालते ही एक्शन

विवेचना, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने तथा नागरिकों के प्रति पुलिस के व्यवहार को अधिक जवाबदेह और जनहितैषी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, शशिकला उईके, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिटी प्रेस क्लब ने जिले के पूर्व एसपी रामकृष्ण साहू को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिटी प्रेस क्लब की ओर से मंगलवार पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं वर्तमान डीआईजी रामकृष्ण साहू को भावभीनी विदाई तथा नवागत पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों और पुलिस अधिकारियों ने जिले में बेहतर पुलिसिंग, पारदर्शिता और मीडिया-पुलिस समन्वय को लेकर अपने विचार साझा किए। समारोह में वरिष्ठ सदस्य दिनेश दुबे एवं वक्ताओं ने पूर्व एसपी रामकृष्ण साहू के करीब दो वर्ष छह माह के कार्यकाल को जिले के सबसे लंबे और उल्लेखनीय कार्यकालों में से एक बताते हुए उनकी कार्यशैली, संवेदनशीलता और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों की सराहना की। पत्रकारों ने कहा कि उनके कार्यकाल में पुलिस और मीडिया के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ, जिससे कई मामलों में अपराध नियंत्रण और जनजागरूकता को मजबूती मिली। पत्रकार दिनेश दत्त दुबे, योगेश राजपूत, आनंद साहू, अरुण सोनी, खिलेश धृतलहरे एवं ममता ग्वालवंशी,आशीष कांटले,अरविंद गोस्वामी ने एसपी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अमीन पप्पू रवानी ने नवागत पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल का स्वागत करते हुए कहा कि जिले को उनके अनुभव और ऊर्जा का लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस और मीडिया के बीच समन्वय की परंपरा आगे भी मजबूत होगी तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक सहयोग जारी रहेगा।

■ नवागत एसपी त्रिलोक बंसल का किया स्वागत

### मीडिया लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ, सहयोग से होगी बेहतर पुलिसिंग : त्रिलोक बंसल

अपने संबोधन में नवागत पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है और समाज तथा प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, साइबर अपराधों की रोकथाम और जनजागरूकता जैसे विषयों पर पुलिस को मीडिया का सकारात्मक सहयोग हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने कहा मेरी प्राथमिकता आम नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित कार्रवाई और पारदर्शी पुलिस व्यवस्था रहेगी। मीडिया के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जाएगा, ताकि सही जानकारी समय पर लोगों तक पहुंचे और समाज में विश्वास का वातावरण मजबूत हो। पूर्व पुलिस अधीक्षक एवं वर्तमान डीआईजी रामकृष्ण साहू ने कहा कि बेमेतरा में मिले सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में उनका प्रयास सकारात्मक सोच के साथ पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का रहा। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, यातायात प्रभारी खलको, थाना प्रभारी सोनल ग्वाला सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं सिटी प्रेस क्लब के सदस्य मेडी धीवर, आकाश रोहरा,दीपेश राजपूत, अजीत राजपूत , अमित , भरत, ताम्रध्वज साहू सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व एसपी रामकृष्ण साहू को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई तथा नवागत एसपी त्रिलोक बंसल का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।




## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते सात जुआरी गिरफ्तार, सामान जब्त

भिलाई। दुर्ग पुलिस ने जुआ खेलते सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गया नगर मुर्रा भट्ठा के पीछे दबिश दिया। जहां से गया नगर वार्ड नंबर 4 दुर्ग निवासी गजेन्द्र सिंह राजपुत, महेन्द्र साहू , घनश्याम देवांगन, पूनम भारती, भूषण पटेल, संजय साहू, लुकेश देवांगन को पकड़ा गया। जुआरियों के पास 52 पत्ती तास नगदी रकम 4570 रुपये जब्त किया गया। पुलिस ने जुआरियों को विधिवत गिरफ्तार कर मामला जमानती अपराध होने के कारण जमानतदार पेश करने पर जमानत एवं स्वयं के मुचलका पर रिहा किया गया।

### आधार नामांकन प्रशिक्षण आयोजित

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में आज लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में जिला दुर्ग के आधार ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले के 58 तथा खैरागढ़ जिले के 4 आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के असिस्टेंट मैनेजर मो. सौबान मोहिदीन द्वारा प्रदान किया गया।

### एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण व नो प्लास्टिक का संदेश

दुर्ग। विश्व पेपर बैग डे पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निदेशालय एनसीसी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करते हुए हेतु नो प्लास्टिक एवं नो पॉलीथीन के थीम पर जन जागरुकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेटों ने आमजनों को प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प करवाए गए एवं हमारे द्वारा उपयोग में लाकर फेंके गए पॉलीथिन को जानवरों द्वारा खाने के कारण उन्हें होने वाले गंभीर नुक़सान के बारे में अवगत कराया गया। यह रैली दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग के रिहायशी क्षेत्र से लेकर अंजोरा के हाईवे में स्थित होटल एवं ढाबा तक किया गया।

### गोठान व्यवस्था पर आप ने सरकार पर साधा निशाना



दुर्ग। आम आदमी पार्टी ने गोठान व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि गोठान योजना अब अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। इसका असर किसानों, आम नागरिकों और बेसहारा पशुओं पर साफ दिखाई दे रहा है। आप पार्टी ने सरकार से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि गोठान योजना का उद्देश्य आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देना, किसानों की फसलों की रक्षा करना और गोबर खरीदी के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना थाए लेकिन वर्तमान में दुर्ग जिले के कई गोठानों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि कई गोठानों में पशुओं के लिए चारा, पानी और देखभाल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके चलते बड़ी संख्या में मवेशी राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ ग्रामीण सड़कों पर खुले घूम रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और खरीफ सीजन में किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। पार्टी का कहना है कि कई किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। आम आदमी पार्टी ने सरकार से सभी गोठानों का स्वतंत्र सामाजिक ऑडिट कराने, प्रत्येक गोठान में स्थायी गोपालक की नियुक्ति, चारा और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, राजमार्गों पर पशु सुरक्षा एवं रेस्क्यू दल की तैनाती तथा फसल नुकसान पर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही गोठानों के संचालन से जुड़ी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी

## सीएम हेल्पलाइन, सुशासन तिहार, कृषि, स्वास्थ्य व बिजली व्यवस्था की समीक्षा

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर सख्त, योजनाओं में तेजी लाने और ई-ऑफिस से कामकाज के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में शिथिलता, लापरवाही या अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों से जवाब- तलब करने तथा लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय पत्राचार और फाइलों का संचालन यथासंभव ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए तथा लंबित ई-फाइलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक में सुशासन तिहार और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वर्षाकाल को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने, शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसानों के लिए खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने और ग्रामीण क्षेत्रों में लटक रहे बिजली तारों को दुरुस्त कर बरसात के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका खत्म करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध रखने, डायरिया व अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार ई-केवाईसी, मनरेगा, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, मध्याह्न भोजन, भू-अर्जन और अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम दिव्या पोटाई, एसडीएम दीप्ति वर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला शहरी विकास अभिकरण की बैठक में जरूरी निर्देश



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) की अध्यक्ष सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला शहरी विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), शहरी अधोसंरचना विकास, जलापूर्ति, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# जर्जर सड़क और बिखरी मिट्टी बन रही हादसों की वजह, बारिश में आवागमन हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



मानसून की पहली बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की बदहाल स्थिति उजागर कर दी है। जर्जर सड़कें और उन पर बिखरी मिट्टी अब राहगीरों के लिए खतरा बन गई हैं। हल्की बारिश होते ही सड़कें कीचड़ और दलदल में तब्दील हो रही हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। इन दिनों खरीफ फसल की बोआई का कार्य जोरों पर है। खेतों में रोटोवेटर, पाटा, एरो और ट्रैक्टर से जुताई के दौरान मिट्टी सड़कों पर आ रही है। बारिश के बाद यही मिट्टी फिसलन में बदल जाती है। कई स्थानों पर सड़क पर गहरे गड्ढे और ट्रैक्टर के निशान बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन फंस या फिसल जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस कारण कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, मरीजों और रोजाना आने-जाने वाले ग्रामीणों को हो रही है। बच्चे कीचड़ से होकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे उनके कपड़े गंदे हो रहे हैं और साइकिलें भी खराब हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस तक समय पर नहीं पहुंच पाती। ग्रामीणों ने प्रशासन पर समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शाम और रात के समय जर्जर सड़क और बिखरी मिट्टी के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क पर फैली मिट्टी तत्काल हटाने, गड्ढों की मरम्मत कराने तथा सड़क के स्थायी जीर्णोद्धार की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।

■ ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की उठाई मांग

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किशोरी बालिकाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से 20 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण परियोजना बेमेतरा एवं नवागढ़ के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या विद्यालय, नवागढ़ तथा शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में संचालित हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेकर आत्मरक्षा के आधुनिक और प्रभावी गुर सीख रही हैं। प्रशिक्षण का संचालन शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित तथा द वॉर क्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ डिफेंस एकेडमी, बेमेतरा के मास्टर ट्रेनर भानु प्रताप साहू कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में छात्राओं को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे किसी भी आपात या विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को कराटे, किक बॉक्सिंग, वुशू, सेल्फ डिफेंस तकनीक, पंच, किक, ब्लॉक, काता के साथ शारीरिक व्यायाम एवं फिटनेस का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही बिना किसी हथियार के सूझबूझ और आत्मविश्वास के साथ संकट की स्थिति का सामना करने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल आत्मरक्षा सिखाना नहीं, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास, आत्मअनुशासन, सकारात्मक सोच, मानसिक दृढ़ता, सामाजिक व्यवहार और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को मोबाइल की बढ़ती लत से दूर रहकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि यह पहल महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी तथा बालिकाओं को जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने में सक्षम बनाएगी।

■ 20 दिवसीय शिविर में कराटे, किक बॉक्सिंग, वुशू व सेल्फ डिफेंस की तकनीकें सीख रहीं

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर नवागढ़ के सहायक शिक्षक करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षा फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर विकासखंड नवागढ़ के सहायक शिक्षकों ने अपनी लंबित 7 सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) हितेंद्र बंजारे को सूचना ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत बुधवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसमें विकासखंड नवागढ़ के सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षा से जुड़े शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल होकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित करेंगे। संगठन का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए शासन स्तर पर अपेक्षित पहल नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से बीईओ को आंदोलन की पूर्व सूचना देकर प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन किया गया।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल गोयल, सचिव हरदयाल श्रीवास, उपाध्यक्ष रोहित साहू, विशेष सलाहकार पूर्णानंद तिवारी, आलोक ठाकुर, नरेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत ठाकुर, नंद कुमार साहू, कैलाश साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। फेडरेशन ने विकासखंड के सभी सहायक शिक्षकों से एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करने की अपील की।

# बारिश की शुरुआत में ही शिवनाथ नदी का रौद्र रूप, कई एकड़ भूमि कटाव की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

बारिश की शुरुआत के साथ ही शिवनाथ नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज बहाव के कारण नांदघाट क्षेत्र में नदी किनारे की कई एकड़ कृषि भूमि कटाव की भेंट चढ़ गई है। वहीं वर्षों से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुके नांदघाट स्टॉप डैम की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ा नुकसान हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्टॉप डैम का ऊपरी प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। कंक्रीट की मोटी परत भी कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है तथा वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण डैम में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। डैम के गेट भी जाम बताए जा रहे हैं, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### कटाव से बदली नदी की धारा

ग्रामीणों का कहना है कि डैम के दूसरे छोर पर लंबे समय से हुई अत्यधिक रेत खनन के कारण नदी का पाट चौड़ा हो गया है। मरम्मत के नाम पर डाली गई सैकड़ों ट्रक मिट्टी शुरुआती बारिश में ही बह गई। इस वर्ष भी नदी के तेज बहाव से कई एकड़ भूमि नदी में समा गई है और नदी की धारा अब नांदघाट स्थित इंटेक वेल से लगभग 50 मीटर की दूरी से बहने लगी है।

### 56 गांवों की पेयजल आपूर्ति पर खतरा

नदी के जलस्तर और धारा में बदलाव का असर इंटेक वेल से होने वाली पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ने लगा है। पानी की उपलब्धता कम होने के कारण फिल्टर प्लांट से पहले जहां दो बार जलापूर्ति की जाती थी, उसे घटाकर एक बार करना पड़ा है। इसी इंटेक वेल के माध्यम से 56 गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका है।

### मरम्मत की मांग तेज

करीब दो दशक पहले निर्मित नांदघाट स्टॉप डैम विभागीय उपेक्षा और नियमित मरम्मत के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। डैम में दरारें, उखड़ा कंक्रीट, जंग लगे सरिये और क्षतिग्रस्त प्लास्टर इसकी मजबूती को लगातार कमजोर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि शिवनाथ नदी के तेज बहाव के बीच यदि समय रहते आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो डैम को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# देवकर में आरसीसी नाली निर्माण की शिकायत पर विवाद, जांच रिपोर्ट पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर में निर्माणाधीन आरसीसी नाली के गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर की गई सीएम हेल्पलाइन शिकायत अब जांच रिपोर्ट को लेकर विवादों में घिर गई है। वार्ड क्रमांक-1 में साजा-अकलवारा मार्ग पर पन्ना चौबे के घर से गार्डन तक लगभग 4.80 लाख रुपये की लागत से बन रही आरसीसी नाली में कम व्यास व पुराने सरिए के उपयोग का आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासी जितेंद्र राजपूत ने 6 जुलाई को सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि निर्माण कार्य नगर पंचायत परपोड़ी के प्रभारी सब इंजीनियर की देखरेख में हो रहा है, लेकिन नियमित निरीक्षण नहीं होने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। वहीं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भेजी गई जांच रिपोर्ट में निर्माण कार्य को मानकों के अनुरूप बताते हुए शिकायत को झूठा और दलगत राजनीति से प्रेरित बताया गया है। जितेंद्र राजपूत ने जांच रिपोर्ट को मनगढ़ंत बताते हुए कहा कि वे किसी भी राजनीतिक दल के प्राथमिक सदस्य नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अधिकारियों ने निर्माण में अनियमितताओं को छिपाने के लिए गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पंचनामा में वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद पति, नगर पंचायत कर्मचारी तथा प्रभारी इंजीनियर के हस्ताक्षर हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है।

■ सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत को बताया गया निराधार, शिकायतकर्ता ने जांच को बताया पक्षपातपूर्ण

■ सीएम हेल्पलाइन की जांच पर उठे सवाल, शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट को बताया मनगढ़ंत

## समाधान महाविद्यालय की पहल

# 100 मेधावी एवं जरूरतमंद छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



महिला सशक्तीकरण और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी 100 छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है। इसके लिए महाविद्यालय परिसर में जिले के विभिन्न समाजों के अध्यक्षों, समाज प्रमुखों और सेवाभावी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर योजना की रूपरेखा तय की गई। योजना के तहत बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा, आईटीआई (कोपा) और स्टेनो पाठ्यक्रमों में पात्र छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। चयन संबंधित समाज, सेवाभावी संस्थाओं, विधायक एवं सांसद की अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं को अनुशंसा अधिकार पत्र भी सौंपे गए। महाविद्यालय के संचालक अविनाश तिवारी ने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली छात्रा की शिक्षा में बाधा नहीं बनना चाहिए। इसी सोच के साथ सामाजिक दायित्व के तहत यह पहल शुरू की गई है। वहीं प्राचार्य डॉ. अवधेश पटेल ने कहा कि समाज, शिक्षण संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जरूरतमंद बेटियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

■ महिला सशक्तीकरण की पहल, विभिन्न समाजों व जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर होगा चयन

### ये होंगे पात्रता के नियम

निःशुल्क प्रवेश के लिए छात्रा का 12वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। साथ ही बीपीएल राशन कार्ड अथवा आर्थिक रूप से कमजोर होने का प्रमाण, संबंधित समाज, संस्था, विधायक या सांसद की अनुशंसा अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय के नियमानुसार 80 प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखना तथा महाविद्यालय के नियमों का पालन करना होगा। आवागमन शुल्क, यूनिफॉर्म, स्टूडेंट किट और विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क छात्रा को स्वयं वहन करना होगा। बैठक में नारद साहू, अनिल रजक, राजा लाल बंजारे, सैयद अहमद अली, गोविंद्र पटेल, राजेंद्र कुमार वर्मा, घनश्याम देवांगन, केशर नंदन सिन्हा, उमेश सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण साहू सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी समाज प्रमुखों ने इस पहल को गरीब छात्राओं की उच्च शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

